रसायन विज्ञान विभाग और ग्लोकल एनवायरनमेंट सोशल एसोसिएशन के

संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

तेजयुग न्यूज/टी.बी. लाल

बलरामपुर: एम एल के पी जी कॉलेज के सभागार में शनिवार को रसायन विज्ञान विभाग और ग्लोकल एनवायरनमेंट सोशल एसोसिएशन नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन में वक्ताओं ने रसायन विज्ञान के बहुआयामी अनुप्रयोगों पर विस्तृत चर्चा की। सम्मेलन में 06 देशों सहित देश के 13 प्रदेशों के लगभग 200 से अधिक प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ उदघाटन समारोह के अध्यक्ष आई आई टी रुड़की के प्रोफेसर संदीप सिंह,मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ ए के वर्मा,विशिष्ट अतिथि ग्लोकल एनवायरनमेंट सोशल एसोसिएशन की सचिव प्रो. सुनीता आर्या, कीनोट स्पीकर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. प्रेमराज,सरंक्षक सम्मेलन व सचिव प्रबंध समिति लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता,सह सरंक्षक सम्मेलन व संयुक्त सचिव प्रबंध समिति बी के सिंह,सम्मेलन के अध्यक्ष व प्राचार्य प्रो. जे पी पाण्डेय, समन्वयक व विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान प्रो. आर के सिंह व आयोजन सचिव डॉ सुनील कुमार मिश्र ने दीप प्रज्वलित एव माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए समारोह अध्यक्ष प्रो.संदीप सिंह ने कहा कि रसायन विज्ञान द्वारा प्रदान किया गया योगदान न केवल कार्यबल में बल्कि जीवन में भी महत्वपूर्ण है। रसायन विज्ञान हमारे अस्तित्व के लिए उपयोगी है । साथ ही यह अंतर्दृष्टि प्रदान करता है कि हम अपने आस-पास की दुनिया के साथ कैसे बातचीत करते हैं, जिस हवा में हम सांस लेते हैं से लेकर जो भोजन खाते हैं, उसके साथ। मुख्य अतिथि सदस्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग डॉ ए के वर्मा ने उपस्थित शोधार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वयं से वादा,मेहनत से ज्यादा व मजबूत इरादे के साथ यदि हम सतत प्रयास करते हैं तो सफलता अवश्य मिलती है।आज हमें कठिन परिश्रम से ज्यादा स्मार्ट वर्क की आवश्यकता है। सकारात्मक सोच व नवाचार करने की ललक ही प्रगति की ओर ले जाता है। विशिष्ट अतिथि प्रो. सुनीता आर्या ने सर्वे भवन्तु सुखिनः की संकल्पना को जीवन का आधार बताया। कीनोट स्पीकर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. प्रेमराज ने मेटल टॉक्सीसिटी विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने खाद्य पदार्थों में बड़े पैमाने पर हो रहे मिलावट के बारे में जानकारी दी। सचिव प्रबंध समिति लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के सफलता की कामना करते हुए रसायन विज्ञान विभाग की सराहना की। प्राचार्य एवं सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो. जे पी पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मेलन एकेडमिक उत्कृष्टता व वैज्ञानिक नवाचार को बढ़ावा देने और रसायन विज्ञान की परिवर्तनकारी शक्ति के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सम्मेलन के समन्वयक व विभागाध्यक्ष प्रो.आर के सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि उक्त सम्मेलन में जर्मनी, जापान,कनाडा,ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका एव सऊदी अरब सहित देश के 13 प्रदेशों के लगभग 250 प्रतिनिधि सम्मिलित हो रहे हैं। संयोजक प्रो. मोहिउद्दीन अंसारी ने सम्मेलन के उद्देश्य पर चर्चा की।

उदघाटन समारोह का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा सोविनियर का विमोचन किया गया। सम्मेलन के समन्वयक, संयोजक, सह संयोजक व आयोजन सचिव ने सभी अतिथियों को माल्यार्पण, बैच अलंकरण, स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जे पी पाण्डेय व सचिव त्रश्वश्न की सचिव प्रो. सुनीता आर्या ने सचिव प्रबंध समिति लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता को सरदार वल्लभ भाई पटेल ग्लोकल अवार्ड इन सोशल अवेयरनेस, संयुक्त सचिव बी के सिंह को एजुकेशन प्रमोशन के लिए डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन अवार्ड तथा एच आर पीजी कॉलेज खलीलाबाद के डॉ अनुपम पति त्रिपाठी को बेस्ट फैकल्टी अवार्ड फॉर टीचिंग प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो. पी के सिंह,प्रो0 अरविंद द्विवेदी, प्रो. तबस्सुम फरखी, प्रो. वीणा सिंह, प्रो. एस पी मिश्र, प्रो. रेखा विश्वकर्मा,डॉ राजीव रंजन, डॉ जितेन्द्र कुमार, डॉ ऋषि रंजन, डॉ बसंत कुमार, डॉ अमित वर्मा,डॉ अरुण कुमार व साक्षी शर्मा सहित कई विभागों के अध्यक्ष व प्राध्यापक मौजूद रहे।

परिषदीय स्कूलों में बांटा गया परीक्षाफल, मेधावी बच्चों का हुआ सम्मान



तेजयुग न्यूज/आलोक गुप्ता

उतरौला (बलरामपुर): शासन के निर्देश पर शनिवार को उतरौला व गैड़ास बुजुर्ग के परिषदीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल बांटा गया तथा मेधावीयों को सम्मानित भी किया गया। शिक्षकों से सम्मान पाकर नौनिहालों का बचपन खिलखिला उठा। शिक्षक मोहम्मद फिरोज ने छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही जिससे उनका भविष्य रोशन हो सके। गैड़ास बुजुर्ग विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मस्जिदीया में शिक्षक मोहम्मद फिरोज, शिव नारायण साहू, नंदौरी में इंचार्ज प्रधानाध्यापक राजेश कुमार उतरौला क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय लालपुर जुनैद में प्रधानाध्यापक शहनाज बेगम ने छात्रों को परीक्षाफल सौंप उन्हें सम्मानित किया।

साथ ही विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों के साथ गांवों में रैली निकाल कर स्कूल में बच्चों का नामांकन कराने, बच्चों को स्कूल भेजने और पढ़ाने के प्रति जागरूक किया गया। अभिभावकों को बताया गया की 1 अप्रैल से नवीन शैक्षिक सत्र का आरंभ हो जाएगा। सभी बच्चे अगली कक्षा में पहुंच जाएंगे। कक्षा में नामांकन योग्य हो चुके बच्चों का विद्यालय में शीघ्र नामांकन करा दें ताकि सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके।

दामाद ने किया सास का कत्ल

मथुरा। हाईवे थाना क्षेत्र के आनंदवन में किराए के मकान पर रहने वाली 50 वर्षीय महिला की उसके दामाद ने सिर में डंडा मार कर हत्या कर दी। सुखरानी पत्नी शिवप्रताप मूल रूप से मध्य प्रदेश के पन्ना जिले की रहने वाली थी। शिव प्रताप मथुरा जिले के एक अधिवक्ता के चालक हैं। शिव प्रताप के अनुसार दामाद राकेश निवासी नंदवाड़ा, बांदा दहेज में तीन लाख रुपए की मांग कर रहा था। बेटी सुनीता को उसने घर से निकाल दिया था। बीते 12 मार्च को वह शराब के नशे में घर पर आया। सुखरानी से झगड़ने लगा। इसी दौरान राकेश ने सुखरानी के सिर में डंडे से प्रहार कर दिया। बृहस्पतिवार रात उपचार के दौरान सुखरानी की मृत्यु हो गई। थाना हाईवे इंस्पेक्टर उमेश चंद्र त्रिपाठी के अनुसार पोस्टमार्टम करा कर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण

तेजयुग न्यूज/आलोक गुप्ता

उतरौला (बलरामपुर): राष्ट्रीय विज्ञान आविष्कार के तहत उतरौला व गैड़ास बुजुर्ग के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण हेतु उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इस दौरान बीईओ उतरौला सुनीता वर्मा, बीईओ गैड़ास बुजुर्ग विनय कुमार चौधरी ने बच्चों व साथ में जाने वाले अध्यापकों का मार्गदर्शन किया। एसडीएम अवधेश कुमार ने कहा कि इससे छात्र छात्राओं का बौद्धिक विकास होगा। बीईओ सुनीता वर्मा ने कहा कि विज्ञान की नयी जानकारियां भविष्य में उनके लिए लाभदायक सिद्ध होंगी।

उन्होंने कहा कि इससे बच्चों में ऊर्जा, क्षमता व उत्साह बढ़ता है। बीईओ विनय कुमार चौधरी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ ऐतिहासिक, दार्शनिक बढ़ावा मिलता है। शिक्षकों को छात्र छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए विशेष ध्यान देने को कहा। छात्र छात्राओं को बजाज चीनी मिल श्रीदत्तगंज, भगवान बुद्ध की धरती श्रावस्ती, नेपाल से सटे कोयलाबास एवं भगवानपुर बांध का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। प्रकृति की खुबसूरत वादियों को छात्रों ने लुफ्त उठाया।

भ्रमण के दौरान टीम ने सर्व प्रथम बच्चों को बजाज चीनी मिल का भ्रमण कराया। बच्चों को गन्ना से चीनी बनाए जाने व उसके अवशेष से खाद तैयार करना सहित मशीनरी उपकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके बाद भ्रमण दल भगवानपुर बांध पहुंचा जहां पर बच्चों को जल स्रोतों से बनाई गई झील का भ्रमण कराया। जहां पर उन्हें झील से खेतों को सिंचाई के साथ उसके फायदे एवं पड़ोसी राष्ट्र से जिले को झील से होने वाली सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। इसी तरह कोयलाबास में इंडो नेपाल बॉर्डर के साथ पहाड़ झरने का भ्रमण कराकर छात्रों को विभिन्न प्रकार के औषधि युक्त पेड़-पौधों की जानकारी दी गई। परिषदीय बच्चे जंगल, पहाड़, झरना व झील देखकर खुशी से झूम उठे। गार्गी गुप्ता, मोहम्मद असलम, कुलदीप कुमार प्रेमी, रविकांत चौधरी, रत्नदीप कुमार श्रीवास्तव, शमा खान, मोहम्मद जमाल अहमद, जितेंद्र कुमार सुमित अन्य शिक्षक दल में मौजूद रहे।

भाजपा गैंसडी, बालापुर, पचपेडवा मंडल ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

तेजयुग न्यूज/आशुतोष चौधरी

गैंसडी (बलरामपुर): भारतीय जनता पार्टी गैंसडी, बालापुर, पचपेडवा मंडल में संगठन के होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि साकेत मिश्रा व विशिष्ट अतिथि शैलेश कुमार सिंह शैलू ने कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन कर आगामी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया। भारतीय जनता पार्टी के श्रावस्ती से लोक सभा प्रत्याशी साकेत मिश्रा व निवर्तमान विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने मंडल बैठक में बालापुर मंडल में आदर्श भगौती जन जातीय विधालय बालापुर, गैंसडी मंडल में मदन लाल जायसवाल के प्रतिष्ठान के बगल एवं पचपेडवा मंडल में मंशा मैरज हाल में आयोजित मंडल बैठक एवं होली मिलन समारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए आगामी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दयाराम प्रजापति,विजय विक्रम सिंह,अजय सिंह पिंकू प्रभारी,रवि मिश्रा जिला महामंत्री,मनोज तिवारी ब्लाक प्रमुख पचपेड़वा,राम कृपाल शुक्ला,मदन लाल जायसवाल, मंडल अध्यक्ष बालापुर हरीश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष गैंसडी जगदम्बा ठाकुर,अरूण देव पाठक मंडल प्रवासी गैंसडी,राजेंद्र प्रसाद ओझा, हरिश्चंद्र गुप्ता, श्यामू चौधरी, विजय गुप्ता,मंडल अध्यक्ष पचपेडवा राजेश गुप्ता, गुड्डू चौधरी मंडल प्रवासी पचपेडवा, अमित जायसवाल, राम बिलास विश्वकर्मा, राधेश्याम वर्मा, श्रीवास्तव, वासुदेव कश्यप,मदन गिरि, इंद्रजीत साहू,अजय सिंह पिंटू, कृष्ण कुमार मिश्रा, कमलेश पांडेय महेश श्रीवास्तव, गिरधारी लाल प्रजापति, शाश्वत मिश्रा,मनीष शुक्ला, सुरजीत जायसवाल, हृदय रोशन सिंह प्रिंस वर्मा चेयरमैन समेत तीनो मंडल के मंडल अध्यक्ष,मंडल प्रवासी,शक्ति केंद्र संयोजक/प्रभारी, बूथ अध्यक्ष समेत पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लीकेज सिलेंडर में लगी आग, झुलसी महिला

विद्यालय में मिड डे मील का भोजन बनाते समय हुई घटना

तेजयुग न्यूज

ऊंचाहार/रायबरेली: रोहनियां ब्लाक क्षेत्र के मवई प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील का भोजन बनाते समय गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से रसोइया झुलस गई, जिसे विद्यालय स्टाफ की मदद से रोहनियां सीएचसी में भर्ती कराया गया है।वहीं आग लगने की सूचना पर फायर यूनिट ने पहुंचकर आग बुझाई।

बताते चलें कि मुवई गाँव निवासी आशा देवी 48 वर्ष गाँव के प्राथमिक विद्यालय में रसोइया है।शनिवार की सुबह प्रतिदिन की भांति वो मिड डे मील का भोजन बना रही थी।उसी दौर5गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से वो झुलस गई।जिसे आनन फानन विद्यालय स्टाफ ने इलाज के लिए रोहनियां सीएचसी में भर्ती कराया है।वहीं आग लगने की सूचना पर एनटीपीसी परियोजना की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ की फायर यूनिट ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। सीएचसी अधीक्षक डॉ अनवर ने बताया कि आग से झुलसी महिला को सीएचसी लाया गया था, जिसका उपचार किया गया है।

जिले में रिफिलिंग का कार्य जोरों पर

रायबरेली। जिले के लगभग समस्त गैस एजेंसियों से प्राप्त होने वाले गैस सिलेंडर से रिफिलिंग की जा रही है नतीजा लोगों को प्रत्येक सिलेंडर में 14 केजी के बजाय गैस कम मिल रही है इसका खुलासा गैस खर्च के बाद हो रहा है लोगों की माने तो एक माह में खर्च होने वाली गैस महज 22 दिनों में ही खत्म हो जा रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि गैस उपभोक्ताओं को एजेंसियों से सिलेंडर तौलकर तो दिए जाते नहीं जब किचन मे गैस उपयोग में लाई जाती है तब पता चलता है कि गैस कम थी।

पुलिस समेट रही बदमाशों को तो अब उनके सितारे गर्दिश में

आचार संहिता के बाद अपराधियों पर कहर बनकर टूटी खाकी, असलहा तस्कर गिरफ्तार

तेजयुग न्यूज

रायबरेली: लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लागू होते ही खाकी स्वतंत्र रूप से काम करना शुरू कर दिया है पुलिस लगातार बदमाशों को चंगुल में समेट रही है नतीजा बदमाशों के सितारे अब गर्दिश में होते नजर आ रहे हैं। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में थाना क्षेत्रों की पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पूर्ण रूप से सतर्क है और अभियान चला कर अपराध व अपराधियों के खिलाफ शिकंजा कस रही है।

इसी क्रम में जिले की एसओजी और सलोन की संयुक्त पुलिस टीम ने सफलता हासिल करते हुए एक अवैध असलहा तस्कर को हिरासत में लिया है जो खुद तमंचा बनाकर बिक्री करता था। पुलिस को यह कामयाबी जरिए मुखबिर प्राप्त हुई है बताया जाता है कि कुछ दिनों से पुलिस को सूचना मिल रही थी कि एक युवक थाना क्षेत्र में असलहा बनाकर बिक्री कर रहा है सूचना मिलते ही पुलिस एक्शन मूड़ में आई और उपरोक्त युवक को अवैध तमंचा व असलहा बनाने की सामग्री बरामद कर लिया। एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि सलोन थाना पुलिस को कुछ इनपुट मिल रहा था कि ममुनी गांव की तरफ कुछ युवक है जो अवैध शस्त्र बनाने का काम कर रहे हैं।

जिसके लिए सर्विलांस, एसओजी व स्थानीय पुलिस को लगाया गया था। पुलिस को सफलता भी मिली और पुलिस टीम ने सुनील यादव निवासी गुजू मजरे ममुनी थाना सलोन को गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध पूर्व में भी कई अभियोग पंजीकृत हैं। पकड़े गए अभियुक्त के पास से अवैध शस्त्र बरामद हुए हैं। कुछ चालू हालत में है कुछ अर्ध निर्मित भी है उसमें कुछ कारतूस भी मिले हैं। शस्त्र बनाने के कई उपकरण भी बरामद किए गए हैं। उसने स्वीकार किया कि वह इस तरह के शस्त्र बनाकर बेचा करता था। उसके पास से बरामद सामग्री के आधार पर शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

संक्षिप्त समाचार

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज का कारनामा

परिजनों ने लगाया एनम पर लगाया प्रसव कराने के नाम पर पैसा लेने का आरोप

महराजगंज तराई (बलरामपुर)/पंकज मिश्र : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज तराई में प्रसव कराने के नाम पर परिजनों ने पैसा लेने का आरोप एनम पर लगाया है।अमित कुमार वर्मा निवासी लोनियन पुरवा ने अपनी पत्नी प्रियंका वर्मा का प्रसव कराने के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज तराई पर शुक्रवार को दोपहर में लाए थे।प्रसव कराने के बाद परिजनों से एनम ने 1100 रुपये ले लिया। अमित कुमार वर्मा ने बताया कि जैसे ही बच्चा हुआ हम लोगों से पैसा जबरदस्ती ले लिया गया। दूसरी तरफ शोभाराम पत्नी भाग्यश्री निवासी सुगानगर ने भी बुधवार को अपनी पत्नी का प्रसव कराने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज तराई लाये थे। एनम ने उनसे भी 2000 जबरन वसूल लिए। अमित कुमार वर्मा व शोभाराम ने बताया कि प्रसव केंद्र पर गलप्स, सुई,दवा सब कुछ बाहर से ही मंगवाया जाता है। ऐसे में मरीजों के जेब पर डाका डाला जा रहा। जबकि सरकारी अस्पताल में प्रसव के लिए निःशुल्क व्यवस्था सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। ऐसे में शासन की मंशा पर पानी फिर रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज तराई के डॉक्टर बालमुकुंद मौर्य ने बताया कि दवा की उपलब्धता को समय समय पर चेक किया जाता है।साथ ही दवा उपलब्ध कराया जाता है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर एनम के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

'पचपेड़वा को तहसील बनाने' के लिए पचपेड़वा ब्लॉक पर मासिक किसान पंचायत का आयोजन

पचपेड़वा(बलरामपुर)/मोहम्मद रईस : पचपेड़वा को तहसील बनाओ की मांग के साथ भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद आलम खान के नेतृत्व में पचपेड़वा ब्लॉक पर मासिक किसान पंचायत का आयोजन कर समस्यायों से संबंधित मुख्यमंत्री को संबोधित 5 सूत्रीय ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी पचपेड़वा को सौंपकर समस्यायों के समाधान की मांग की। ब्लॉक उपाध्यक्ष हनुमान ने कहा तहसील की मांग सहित विशुनपुर विश्राम में गौशला बनाने की मांग की है। मोहम्मद आलम खान ने कहा पचपेड़वा नगर में कोटेदार मोहित कुमार अंतोदय कार्ड धारकों को चीनी नहीं देते है और कार्डधारकों से दबंगई कर मनमानी तरीके से राशन वितरण करते हैं।पचपेड़वा नगर में निर्माण कार्य का ठेका लेने वाले ठेकेदारों की मनमानी व मानक के विपरीत कार्य कर सरकारी धन का बंदर बांट किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक उपाध्यक्ष हनुमान,ग्राम अध्यक्ष राम गोपाल, वार्ड अध्यक्ष राधेश्याम गौतम के साथ दर्जनों महिला वा पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की परामर्श गोष्टी एवं उन्मुखीकरण का कार्यक्रम आयोजित

उतरौला (बलरामपुर)/आलोक गुप्ता : समेकित शिक्षा के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र उतरौला पर शनिवार को दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की परामर्श गोष्टी एवं उन्मुखीकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता वर्मा ने गोष्ठी में उपस्थित दिव्यांग बच्चों के माता-पिता को विभिन्न सुझाव दिए और उनके सामने उन दिव्यांग बच्चों के उदाहरण प्रस्तुत किए जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचाइयां प्राप्त की है। इससे पूर्व मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संचालन विशेष शिक्षक शैलेश कुमार पांडे ने किया। बीईओ सुनीता वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपको अपने दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जाने वाले उपाय के बारे में परामर्श देना है, और उनके बेहतर भविष्य के लिए उनकी ओर अपना ध्यान आकर्षित करने की जरूरत है। सरकार अनेक विशेष शिक्षकों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने का प्रयास कर रही है। जरूरत है आपके सहयोग की, यदि आपसे अपेक्षित सहयोग मिलता है तो निश्चित है कि आपका दिव्यांग बच्चा समाज में कुछ बेहतर करने में सफल हो सकेगा। विशेष शिक्षक शाह मोहम्मद ने शासन द्वारा दिव्यांग बच्चों के शिक्षा के लिए किया जा रहे प्रयासों और दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। विशेष शिक्षक सुमन त्रिपाठी ने बताया कि सरकारी सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए आपको अपने बच्चों का प्रवेश परिषदीय विद्यालयों में अवश्य करना होगा जब तक आप अपने बच्चों को लेकर घर में बैठे रहेंगे तब तक सरकारी सुविधा का लाभ मिल पाना मुश्किल है।

ट्रांसपोर्ट कर्मी की गोली मारकर हत्या करने वाला आरोपित मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

मथुरा। डेढ़ महीना पूर्व घर जा रहे एक ट्रांसपोर्ट कर्मी की गोली मारकर हत्या करने वाले बदमाश की देर रात जमुनापार पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में हत्यारोपी बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से अवैध असलाह बरामद किया है। एसएसपी ने शुक्रवार दोपहर पत्रकारों के बीच इसका खुलासा किया है। पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि 11 फरवरी को शाम करीब 7 बजे अलीपुर निवासी प्रेमशंकर सारस्वत की एक मोटर साइकिल पर सवार दो बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। घटना के खुलासा में लगी स्वाट सर्विलांस व एसओजी टीमें प्रभारी निरीक्षक जमुना पार सदर कोतवाली टीम ने देर रात बल्देव रोड पर रावल से आगे पेट्रोल पम्प के समीप से एक बन्द मकान के बरामदे से पुलिस मुठभेड़ में हत्यारोपी को घायल कर सुनील कुमार पुत्र ऐदल सिंह निवासी मनोहरपुर थाना महावन गिरफ्तार किया गया है जबकि इसका एक साथी यूंसुफ उर्फ लम्बू पुत्र समसुद्दीन निवासी किसोरपुर थाना जेवर जिला गौतमबुद्धनगर फरार है। गोली लगने से घायल सुनील को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कप्तान ने बताया कि सुनील थाना महावन का हिस्ट्रीशीटर व गैंग लीडर है। इस पर जनपद के विभिन्न थानों से दो दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत है। वही गैंग के सदस्य यूसुफ उर्फ लम्बू पर भी जनपद के विभिन्न थानों में 18 मुकदमे पंजीकृत है।